हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–208 : जौनपुर, शुक्रवार 21 अप्रैल 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## नमाज स्थलों के आसपास ड्रोन और सीसीटीवी से रखी जाएगी नजर : सार्वजनिक मार्ग बाधित करने की मनाही

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश में जुमा अलविदा की नमाज और ईद को सकुशल संपन्न कराने के लिए डीजीपी मुख्यालय ने पुख्ता सुरक्षा बंदोबस्त किए हैं। स्पेशल डीजी कानून–व्यवस्था एवं अपराध प्रशांत कुमार ने बताया कि अलविदा की नमाज और ईद के दृष्टिगत प्रदेश के समस्त जनपदों में 2933 संवेदनशील स्थान एवं हॉट स्पाट्स चिन्हित करते हुए 849 जोन व 2460 सेक्टर में पुलिस की तैनाती गयी है। नमाज स्थलों के आसपास तथा संवेदनशील स्थलों पर ड्रोन कैमरे और हाई रिजोल्यूशन सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कुल 29,439 मस्जिदों में अलविदा की नमाज अदा की जाएगी। वहीं ईद के दिन इन मस्जिदों के अलावा 3865 ईदगाहों में भी नमाज अदा की जाएगी। अलविदा की नमाज के अवसर पर सादे वस्त्रों में भी महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। साथ ही पुलिसकर्मियों को बॉडीवार्न कैमरा और वाइना कूलर के साथ तैनात किया जाएगा। अभिसूचना तंत्र तथा सोशल मीडिया सेल को सक्रिय व सतर्क करते हुए अफवाहों पर नियंत्रण की विशेष कार्यवाही की जा रही है। वहीं 1785 क्यूआरटी टीमों को दंगा नियंत्रण उपकरणों, लाठी, हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर, केनशील्ड, टियर गैस गन, एंटी रायट गन, वाटर कैनन व वज्र वाहन के साथ चिह्नित हॉट–स्पाट्स एवं स्ट्रैटजिक प्वाइंट्स पर तैनात किया जा रहा है। साथ ही, पुलिस मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम पर राजपत्रित अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर पूरे प्रदेश में होने वाली घटनाओं की मॉनीटरिंग का प्रबंध किया गया है। समस्त जनपदों में पीस कमेटी, धर्मगुरुओं, सम्भ्रांत नागरिकों, पुलिस मित्र तथा सिविल डिफेंस के साथ संवाद स्थापित करते हुए 2669



गोष्ठियां की जा रही हैं। इनमें कोई गैर परंपरागत आयोजन न करने तथा सार्वजनिक मार्ग बाधित कर कोई धार्मिक आयोजन न करने के संबंध में बताया गया है। चुनाव में ड्यूटी लगाते समय वरिष्ठता का ध्यान रखें : मनोज कुमार नगर निकाय चुनाव में ड्यूटी लगाते समय वरिष्ठता का ध्यान रखना होगा। राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार ने इस बाबत निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने सभी जिला मजिट्रेटों, जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस चुनाव में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने में गंभीरता बरती जाए। उनके पद, वरिष्ठता एवं गरिमा का ध्यान रखते हुए ही ड्यूटी लगाई जाएं। दरअसल कई संगठनों ने इस पर आपत्ति जताई थी कि चुनाव ड्यूटी लगाने में वरिष्ठता क्रम को अनदेखा किया जा रहा है। कई वरिष्ठों को उनके कनिष्ठों के नीचे काम सौंपा गया है। इसी पर आयोग ने गंभीरता दिखाते हुए सभी जिलों को निर्देश भेजे हैं।

## बत्तीस साल बाद भी प्राथमिक विद्यालय बंजारेपुर में नही पहुची बिजली : भीषण गर्मी में पसीने से तर बतर होकर शिक्षा ग्रहण करते हैं छात्र

जौनपुर क्राईम ब्यूरो धनंजय विश्वकर्मा : अब इसे विभागीय उदासीनता कहे या अधिकारियों की घोर लापरवाही एक तरफ जहां प्रदेश सरकार प्राथमिक शिक्षा में कान्वेंट स्कूलों से टक्कर लेने की बाते कर रही है वही धर्मापुर ब्लॉक क्षेत्र में एक विद्यालय ऐसा भी है जहां बत्तीस सालों बाद भी अभी बिजली का कनेक्शन ही नही हुआ है। ऐसे में प्राथमिक विद्यालय कान्वेंट स्कूलों की तर्ज पर चलाने की कवायद को विभागीय अधिकारी ही पलीता लगा रहे है। इस संदर्भ में जब प्राथमिक विद्यालय बंजारेपुर के प्रधानाध्यापक अश्वनी राय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि 1990 से यह प्राथमिक विद्यालय संचालित है। छह माह पूर्व बिजली के कनेक्शन के लिए आवेदन किया गया है परंतु विभाग की लापरवाही के चलते न तो विद्यालय में कनेक्शन दिया गया। और न नही पोल से तार खींचा गया है। भीषण गर्मी में बच्चों कल शिक्षा ग्रहण करने में बहुत ही दिक्कत होती है। उन्होंने बताया कि यह विद्यालय इस समय नगर पंचायत गौराबादशाहपुर के अंतर्गत पड़ता है। मिशन कायाकल्प योजना के उन्नीस पैरामीटर में एक भी कार्य अभी तक यहां नही करवाया गया है। वही इस मामले में जब क्षेत्रीय एसडीओ मगन सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि अभी मुझे इस बात की जानकारी नही है कि उक्त विद्यालय पर अभी तक बिजली सप्लाई क्यो नही पहुचीं है। मैं जल्द ही अपने लाइनमैन व कर्मचारियों को वहां भेजकर दिखवाता हु की क्या दिक्कत आ रही। और जल्द ही उस विद्यालय में बिजली पहुचाने का प्रयास करता हूं।

## भू माफियाओं पर जमीन निर्माण कर कब्जा करने का आरोप : पीड़ित ने मुख्यमंत्री राज्यमंत्री से की शिकायत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अरगूपुर कला गांव में भूमाफिया दबंगों द्वारा जमीन कब्जाने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने मुख्यमंत्री व राज्यमंत्री समेत अन्य अधिकारियों से लिखित कर मदद की गुहार लगाई है। दबंगों द्वारा जमीन पर जबरन कराए जा रहे निर्माण कार्य को रोकने की मांग की है । जानकारी के अनुसार शाहगंज तहसील के अरगूपुर कला गांव में गाटा संख्या –2644 नं. की जमीन है, जिसका मामला शाहगंज तहसील में तहसीलदार कहां चल रहा है इसके पीछे का कारण है वरासत के दौरान रामनयन पुत्र अदालती यादव का नाम नामांतरण में छूट गया था, जिसके लिए उन्होंने नाम अंकित करवाने के लिए शाहगंज तहसील में तहसीलदार के यहां अपील की और सक्षम अधिकारियों के यहां भी अपील की है। लेकिन इसी दौरान आरोप है कि पड़ोसी भू–माफिया दबंग किस्म के लोग हैं और लाठी–डंडे हथियार के दम पर उनकी जमीन पर कब्जा कर निर्माण कर रहे हैं ।इस मामले पर पुलिस अधिकारियों से गुहार लगाई गई लेकिन काम रोका नहीं गया। जिसके बाद रामनयन ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रदेश राज्यमंत्री गिरीशचंद यादव से भी लिखित प्रार्थना पत्र देकर की है और दबंगों द्वारा जमीन कब्जा करने को लेकर रोकने की मांग किया । राम नयन ने कहा कि दबंग लोग उनके जमीन पर जबरदस्ती निर्माण करा रहे हैं अगर निर्माण नहीं रोका गया तो हम जिला मुख्यालय पर धरना के लिए बाध्य होंगे ।

## रेल मंत्रालय भारत सरकार ने पंकज श्रीवास्तव पर लगातार चौथी बार जताया विश्वास

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। रेल मंत्रालय भारत सरकार ने रेलवे बोर्ड की सूची में भाजपा नेता पंकज कुमार श्रीवास्तव को पूर्वोत्तर रेलवे परामर्श दात्री समिति का सदस्य मनोनीत किया है। उल्लेखनीय है कि भाजपा नेता पंकज कुमार श्रीवास्तव लगातार चौथी बार पूर्वोत्तर रेलवे परामर्श दात्री समिति के सदस्य मनोनीत किए गए हैं। गोंडा निवासी पंकज श्रीवास्तव रेल उपभोक्ताओं, कर्मचारियों के हित में समय–समय पर अपनी आवाज बुलंद करते रहते हैं और रेल मंत्रालय को योग्य सुझाव देते रहते हैं जिन पर त्वरित कार्रवाई भी होती है। विगत वर्षों में दिल्ली जाकर रेल मंत्री एवं रेलवे बोर्ड को ज्ञापन एवं सुझाव दिए, योग्य सुझावों पर त्वरित कार्यवाही हुई। रेल मंत्रालय भारत सरकार ने पंकज श्रीवास्तव को पूर्वोत्तर रेलवे परामर्श दात्री समिति का सदस्य बनाकर गोंडा ही नहीं संपूर्ण उत्तर प्रदेश को गौरवान्वित किया है अनवरत चौथी बार रेल मंत्रालय ने विश्वास जताया है। छपरा से लेकर वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ ,बरेली , काठगोदाम,गोंडा तक खुशी का माहौल है, बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

## छात्रों को लैंगिक समानता और सामाजिक न्याय के बारे में शिक्षित करना शिक्षकों की जिम्मेदारी–डॉ उर्वशी साहनी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊः स्टडी हॉल एजुकेशनल फाउंडेशन (शेफ) द्वारा नर्सरी टीचर्स ट्रेनिंग (एनपीटीटी) के 8वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। एक वर्षीय पाठ्यक्रम पूरा करने पर 18 प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। शेफ की संस्थापिका और कार्यकारी निदेशक डॉ उर्वशी साहनी ने प्रशिक्षित शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा की ''शिक्षकों के रूप में, यह सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है कि प्रशिक्षु अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में फलते–फूलते रहें। उन्हें छात्रों को सशक्त बनाना चाहिए और उन्हें लैंगिक समानता और सामाजिक न्याय के बारे में शिक्षित करना चाहिए। इस कार्यक्रम के माध्यम से, हम अपने छात्रों को ''स्वतंत्र'' होना और अपने स्वयं के जीवन पर पूर्ण स्वायत्तता'' सिखाते हैं। एनपीटीटी कार्यक्रम की निदेशक प्रिया कक्कड़ ने कहा, ''यह शिक्षक प्रशिक्षण का एक अप्रेंटिस मॉडल है जो 21वीं सदी के बच्चों की जरूरतों के अनुकूल शिक्षण कौशल हासिल करने के लिए शिक्षकों को सशक्त बनाता है।'' प्रशिक्षित प्रशिक्षुओं ने ''मैं कौन हूं'' शीर्षक नामक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी, जिसके माध्यम से उन्होंने अपने जीवन की समझ और अनुभव को साझा कियाद्य यह कार्यक्रम कविता, नृत्य



और नाटक का एक समामेलन था। इस प्रस्तुति को दीक्षांत समारोह में भाग लेने वाले प्रशिक्षुओं के बच्चों और परिवार के सदस्यों ने खूब सराहा। एनपीटीटी कार्यक्रम वर्ष 2015 में शुरू हुआ था। जिसके अंतर्गत लगभग 150 से अधिक प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित किया जा चूका हैद्य ये प्रशिक्षित प्रशिक्षु लखनऊ और उसके आसपास के विभिन्न प्रतिष्ठित स्कूलों जैसे सेठ एमआर जयपुरिया, सीएमएस, कुन्स्काप्सकोलन, कॉल्विन तालुकदार, प्रेप स्कूल और स्टडी हॉल स्कूल में नियुक्त किये गए है।

## जीवात्मा के समर्पण भाव पर प्रभु को उसे अपनाना ही पड़ता है''–आचार्य अरविन्द जी महाराज

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। ठाकुरगंज में 'भगवान श्री परशुराम जी जन्मोत्सव' के अवसर पर आयोजित श्रीमद्भागवत् ज्ञान यज्ञ के षष्टम दिवस आचार्य प्रवर पं0 अरविन्द जी महाराज ने 'महारास' प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि वस्तुतः महारास प्रसंग, कृष्ण एवं कामदेव के युद्ध का वर्णन है जिसमें कृष्ण ने बिना किसी अस्त्र शस्त्र के, गोपियों को साथ लेकर कामदेव को पराजित किया। फिर उसे अपना पुत्र भी बनाया। इस चरित्र की विशेषता यह है कि कामदेव के अनुकूल वातावरण में जैसे शरद ऋतु, रात्रि का द्वितीय प्रहर, वन का एकान्त स्थल, विभिन्न प्रकार के पुरूष, पूर्णिमा का चन्द्रमा, कामवर्धक तीन प्रकार की वायु आदि के होते हुए भी योगयोगेश्वर ने कामदेव को पराजित किया। इससे सिद्ध होता है कि किसी के पास साधन कितने ही क्यों न हों, किन्तु आत्मबल का धनी व्यक्ति बिना साधन के ही अपने उद्देश्य को पूर्ण करता है। यह जीवात्मा–परमात्मा के मिलन का भी पवित्र चरित्र है। आचार्य जी ने कथा प्रवाह को आगे बढ़ाते हुए कहा कि तत्पश्चात् भगवान ने शंखचूड़, प्रलम्बासुर, केशी और व्योमासुर का उद्धार किया और फिर अक्रूर जी के साथ मथुरा गए। भोजराज कंठ ने भगवान परशुराम जी के द्वारा दिये गए धनुष यज्ञ के माध्यम से, एक विशाल आयोजन करवाया। भगवान कृष्ण ने वहां तमाम नरपतियों के रहते धनुष भंग किया तथा कंस का उद्धार भी किया तथा अपने नाना उग्रसेन को राजा बनाया। पुनः भगवान ने विद्याध्ययन किया। उद्धव के ज्ञानाभिमान को दूर करने के लिए गोपिकाओं द्वारा सगुण भक्ति के स्वरूप का निरूपण कराया। जरासंध ने बार–बार द्वारिका पर आक्रमण किया सुरक्षा की दृष्टि से कृष्ण ने द्वारिका को समुद्र के भीतर बसाया। रूक्मिणी हरण के प्रसंग पर व्यापक प्रकाश डाला। इसका आशय यह है कि जब जीव समर्पित भाव से स्वयं को भगवान के हवाले कर देता है तब भगवान को निश्चित रूप से



उसे अपनाना ही पड़ता है। आज की कथा प्रवाह में पूर्व पार्षद अनुराग पाण्डेय सहित भारतीय ब्राम्हण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पं0 सुरेन्द्र शुक्ल, प्रदेश अध्यक्ष सुनीता पाण्डेय तथा लालजी प्रसाद पाण्डेय, तेज नारायण पाण्डेय, अमिताभ पाण्डेय, दीपू शुक्ला, रंजना द्विवेदी, अंशू मिश्रा, शक्ति बाजपेयी, कमलेश मिश्रा, सुमित दीक्षित, कृष्णा शर्मा, महेन्द्र द्विवेदी, अम्बरीश वर्मा, संतोष शुक्ला, सरला, मृदुल पाण्डेय, जितेन्द्र शर्मा, विजय कुमार मिश्रा, सतेन्द्र अवस्थी, अभिरूचि बाजपेयी, रागिनी दुबे, पूनम तिवारी, गोपाल नारायण शुक्ला, गणेश दत्त शुक्ला, राज किशोर तिवारी, सतीश कुमार दीक्षित, संतोष कुमार द्विवेदी, शेष कुमार मिश्रा, मूलचन्द्र मिश्रा, राघवेन्द्र अवस्थी, सनी साहू, राहुल पाण्डेय, टिंकू ठाकुर, अजीत पाण्डेय, पूनम सिंह, पंकज शुक्ला, शर्मीला पाण्डेय, वैष्णवी, सर्लेश मिश्रा, संजय शुक्ला, वन्दना विशेष, पी0एस0 तिवारी, अवध प्रकाश शुक्ला, अभय तिवारी, पुलकित शुक्ला, जितेन्द्र द्विवेदी, विशाल सोनकर, रजत तिवारी, अंकित गुप्ता, मंजरी शुक्ला, वीरेन्द्र शुक्ला, मिथलेश तिवारी, अमिता शर्मा, प्रियंका अवस्थी, आभा शुक्ला, ममता शुक्ला, वन्दना अवस्थी, प्रेम सागर तिवारी, दीपक त्रिपाठी, अमरेन्द्र पाण्डेय, जयवीर यादव, आरती शुक्ला, हिमांशु गर्ग, संदीप अवस्थी, सुरेन्द्र शुक्ला, दीपू शुक्ला, गुड्डू पाण्डेय, अवधा प्रकाश शुक्ला, राधेश्याम अग्निहोत्री, राकेश मिश्रा, अरूण शुक्ला, आदित्य कुमार शुक्ल, आदित्य शुक्ला, आर0के0 मिश्र सहित हजारों लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## ट्रिपल इंजन की सरकार से ही हो पाएगा विकास–प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मछली शहर तहसील अंतर्गत नगर पंचायत चुनाव के दृष्टिगत नगर के एक मैरेज हाल में भारतीय जनता पार्टी द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया ।सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि और प्रदेश सरकार के मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा ट्रिपल इंजन कि सरकार लाने से ही संपूर्ण विकास संभव हो पाएगा। आगे अपने संबोधन में कहा कि आपका भाजपा प्रत्याशी आपको सरकार से सीधे जोड़ने की क्षमता रखता है बशर्ते कि आप उसे चुनाव में विजई बनाकर मोदी और योगी जी को एहसान चुकाने के लिए विवश कर दें ।आज प्रदेश में एक जिम्मेदार और जवाबदेह सरकार है। मोदी जी के भयमुक्त प्रशासन की कड़ी का ही नतीजा है आज अपराधी खुद से आगे बढ़कर सरेंडर कर रहे हैं। कार्यकर्ता सम्मेलन को क्षेत्रीय सांसद बीपी सरोज , जिला उपाध्यक्ष राकेश शुक्ला, मेहिलाल गौतम ,अनुराग सिन्हा अर्चना शुक्ला ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष रामविलास पाल ने और संचालन जिला प्रभारी राजेश सिंह ने किया ।

**पाठक बन्धुओं से अनुरोध**

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट www.Desh ki upasana.com का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - dku live सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते का संचालन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। यात्री सेवा में पूर्ण निष्ठा के साथ सदैव तत्पर रेलवे सुरक्षा बल उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल द्वारा अपनाई जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के तहत गत दिवस में मंडल के शाहगंज स्टेशन पर नन्हे फरिश्ते का संचालन करते हुए इसके तहत



निम्न गतिविधि को सफलतापूर्वक संचालित किया गया जिनका ब्यौरा निम्नवत है :– दिनांक 20.04.2023 को उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के सुरक्षा नियन्त्रण कक्ष द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर शाहगंज रेलवे स्टेशन पर ऑन ड्यूटी रेलवे सुरक्षा बल कर्मचारी द्वारा गाडी सं. 15083 उत्सर्ग एक्सप्रेस के स्लीपर कोच–4 में चेकिंग के दौरान एक लड़की उम्र लगभग 16 वर्ष संदिग्धावस्था में मिली ।संदेह की पुष्टि हेतु कर्मचारी द्वारा उक्त बालिका को तत्काल अपने संरक्षण में ले कर पोस्ट पर लाकर उससे पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम सुनीता (काल्पनिक नाम ) अपने पिता का नाम एवं जिला आजमगढ़ बताया। इसके उपरांत इस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए रेलवे सुरक्षा बल ने चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 को अवगत कराया तथा टीम मेंबर/ चाइल्डलाइन जौनपुर को इसकी सूचना दी तथा सूचना के उपरांत इस बालिका को सही सलामत जौनपुर ले जा कर सखी वन स्टाक सेंटर (अधीनस्थ महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्रालय) जौनपुर को अग्रिम उचित कार्यवाही हेतु संस्था के सुपुर्द किया गया।

## एक दिवसीय मेडिकल कैम्प आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। संत एस0 राम इंटर कॉलेज नियर शुक्ला चौराहा जानकीपुरम विस्तार में एक दिवसीय मेडिकल (



ब्लड शुगर बीपी एवं ब्लड ग्रुप इत्यादि ) जांच शिविर आयोजित किया गया जिसमें समस्त छात्र–छात्राएं, शिक्षक एवं अभिभावकगणों ने जांच कराई।

## प्रदेश में कोविड से पांच की मौत : लखनऊ में 165 नए मरीज मिले



लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश में 24 घंटे में कोविड से 5 मौतें हुई हैं। स्वास्थ्य विभाग ने 19 अप्रैल की सुबह 6 बजे से 20 अप्रैल की सुबह 6 बजे तक की अपनी रिपोर्ट में कहा है कि प्रदेश में कुल 840 कोविड पॉजिटिव केस मिले। वर्तमान कुल पॉजिटिव केसों की संख्या 4478 हो गई है। गाजियाबाद, जौनपुर, चंदौली, सीतापुर और गाजीपुर में 1–1 व्यक्ति की मृत्यु हो गई। लखनऊ में 24 घंटों में कुल 165 पॉजिटिव केस आए हैं और अब यहां कुल पॉजिटिव केसों की संख्या 1082 हो चुकी है। 128 लोगों ने दी संक्रमण को मात लखनऊ में बृहस्पतिवार को कोरोना के 165 नए मरीज मिले। वहीं, 128 लोगों ने वायरस को मात दी। इसके साथ ही जिले में एक्टिव केसों की संख्या बढ़कर 1064 हो गई है। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि बृहस्पतिवार को सबसे अधिक 24–24 केस आलमबाग–चिनहट इलाके में मिले। अलीगंज में 22, नवल किशोर रोड व सरोजनीनगर में 18–18, इंदिरानगर में 12, सिल्वर जुबली में 11, गोसाईंगंज में 8, ऐशबाग में 6, टूडियागंज में 5 समेत अन्य जगहों पर संक्रमित मिले हैं।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

उनके पीछे चलो जिनकी सोच अच्छी हो, उनके बारें में सोचो जिनके कर्म अच्छे हों।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## ओबीसी जनगणनाः एक बार फिर विवाद के घेरे में ?

कांग्रेस ने जिस प्रकार अन्य पिछड़ी जातियों का मुद्दा उठाया है, उसे देखते हुए तो लगता है कि 2024 के लिए मंडल बनाम कमंडल के बीच मुकाबला तय हो गया है। नब्बे के दशक में भी मण्डल बनाम कमंडल का मुद्दा राजनीति के केन्द्र में आ गया था। उसी राजनीति का नतीजा है कि भारतीय जनता पार्टी अपने बलबूते पर देश की सत्ता पर काबिज होने के साथ ही दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। ठीक लोकसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ भाजपा अपना हिन्दू वोट बैंक को चुस्त–दुरुस्त कर ही रही थी लेकिन अचानक विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस ने जिस प्रकार अन्य पिछड़ी जातियों का मुद्दा उठाया है, उसे देखते हुए तो लगता है कि 2024 के लिए मंडल बनाम कमंडल के बीच मुकाबला तय हो गया है। नब्बे के दशक में भी मण्डल बनाम कमण्डल का मुद्दा राजनीति के केन्द्र में आ गया था। उसी राजनीति का नतीजा है कि भारतीय जनता पार्टी अपने बलबूते पर देश की सत्ता पर काबिज होने के साथ ही दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। ज्यादातर राज्यों में भी या तो भाजपा की पूर्ण बहुमत वाली या अन्य दलों के साथ साझा सरकारें हैं। इसलिए विपक्ष के पास भाजपा के हिन्दू वोट बैंक को तोड़ने के लिए पिछड़ी जातियों का ही सहारा है। ये पिछड़ी जातियां हिन्दू आबादी का सबसे बड़ा हिस्सा मानी जाती है और अगर अल्पसंख्यकों को जोड़ दिया जाए तो यह देश की आबादी का 80 फीसदी हिस्सा बनता है। विपक्ष का लक्ष्य हिन्दू वोट बैंक तोड़ना अब तक सपा, बसपा, राजद और जनता दल जैसे कुछ क्षेत्रीय दल ही देश में जाति आधारित जनगणना की मांग कर रहे थे। बिहार में नितीश के नेतृत्व वाली पार्टी की सरकार ने तो जातीय गणना शुरू कर भी दी थी। लेकिन अब विपक्ष के सबसे बड़े दल कांग्रेस के अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे ने बाकायदा प्रधानमंत्री मोदी का पत्र लिख कर 2011 की जातीय गणना के नतीजों को सार्वजनिक करने की मांग कर, अपने को जातीय गणना समर्थकों में शामिल कर दिया। जबकि अब तक यह पार्टी भाजपा और वाम दलों की तरह जातीय गणना के पक्ष में नहीं थी। यही नहीं कांग्रेस के अघोषित शीर्ष नेता राहुल गांधी ने भी अपने निर्वाचन क्षेत्र वायनाड में जातीय गणना का मुद्दा उठा कर साबित कर दिया कि अगर भाजपा हिन्दुओं के नाम पर 2024 में वोट मांगेगी तो विपक्ष उस वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए जातियों का फ्रंट अवश्य खोलेगा। भारत में लगभग 2633 जातियां अन्य पिछड़े वर्ग में मानी जाती हैं। इनके अलावा 1241 अनुसूचित जातियां और 705 जनजातियां हैं। अगर अल्प संख्यकों को भी इसी वर्ग में जोड़ दिया गया तो शेष आबादी 20 प्रतिशत से कम रह जाएगी। राम मंदिर आन्दोलन का भाजपा को लाभ चुनाव के मैदान में धर्म के अस्त्र के खिलाफ जातियों के ब्रह्मास्त्र के असर का पता तो अब 2024 में ही चलेगा, मगर संभावना है कि देश की जटिल सामाजिक और सांस्कृतिक विविधता को देखते हुए पहचान–आधारित राजनीति भारतीय राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहेगी। दरअसल तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष लालकृष्ण आडवाणी ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए समर्थन जुटाने के उद्देश्य से 25 सितंबर, 1990 को गुजरात के सोमनाथ से उत्तर प्रदेश के अयोध्या तक की यात्रा शुरू की थी, तो भारत की राजनीति में एक उबाल सा आ गया था। यद्यपि बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने उस यात्रा को 23 अक्टूबर 1990 को बिहार के समस्तीपुर में रोक दिया था। रथ यात्रा की योजना राम जन्मभूमि आंदोलन के लिए शक्ति और समर्थन के प्रदर्शन के रूप में बनाई गई थी, और इसे बड़े पैमाने पर सार्वजनिक रैलियों और जुलूसों द्वारा प्रचारित किया गया था। हालांकि, यात्रा के भारी विरोध और हिंसा के बावजूद, रथ यात्रा ने विशेष रूप से हिंदू समुदाय के बीच भाजपा के समर्थन के आधार को मजबूत करने में मदद की। 1991 के लोकसभा चुनाव में पार्टी भाजपा ने 120 सीटों पर जीत हासिल की और संसद में कांग्रेस के बाद दूसरी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी, जबकि उससे पहले लोकसभा में उसके केवल 2 सदस्य थे। उस आन्दोलन के बाद भारतीय राजनीति में नया बदलाव आया और भाजपा हिन्दू वोट बैंक के आधार पर सफलता की सीढ़ियां चढ़ती गई। बीपी सिंह के हाथ लगा मंडल कमीशन का शस्त्र यद्यपि विश्वनाथ प्रताप सिंह ने अगस्त 1990 में जब केंद्र सरकारी नौकरियों में 27 प्रतिशत ओबीसी कोटा लागू करने का ऐतिहासिक ऐलान कर मंडल आयोग की सिफारिशों की ओर कदम बढ़ाया था तो उनके सामने तात्कालिक चुनौती राजनीति का हिन्दुत्वकरण न होकर ताकतवर जाट नेता देवीलाल के विद्रोह की थी। लेकिन बाद में सामाजिक न्याय समर्थक राजनीतिक शक्तियों के हाथ भाजपा के हिन्दुत्व के ऐजेंडे के खिलाफ मंडल आयोग की रिपोर्ट लग गए। इसलिए नब्बे के दशक की राजनीति में मंडल बनाम कमंडल का नरेटिव छाता गया। दरअसल मण्डल आयोग का गठन तत्कालीन मोरारजी देसाई सरकार ने 1979 में भारत में सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों की पहचान करने और उनकी स्थिति में सुधार के उपायों की सिफारिश करने के लिए बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री बी.पी.मंडल की अध्यक्षता में किया था। मंडल आयोग ने 1980 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें इसने कुल 3,743 जातियों और समुदायों को सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के रूप में पहचाना, जिन्हें तब अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के रूप में वर्गीकृत किया गया था। आयोग ने सिफारिश की कि सरकारी नौकरियों और शैक्षिक सीटों का एक निश्चित प्रतिशत ओबीसी के लिए आरक्षित किया जाए, ताकि उनका प्रतिनिधित्व बेहतर हो सके और ऐतिहासिक नुकसान और भेदभाव को दूर किया जा सके। मंडल आयोग की सिफारिशों का कार्यान्वयन भारतीय राजनीति में एक विवादास्पद मुद्दा बन गया, कुछ समूहों ने योग्यता के लिए खतरे के रूप में इस कदम का विरोध किया और सामाजिक असमानता को दूर करने के लिए एक आवश्यक उपाय के रूप में इसका समर्थन किया। मंडल आयोग की सिफारिशों का देशभर में उच्च वर्गों द्वारा भारी विरोध किया गया। मंडल विरोधी आन्दोलन से ही उत्तराखण्ड आन्दोलन भी उभरा जिसके परिणाम स्वरूप उत्तराखण्ड राज्य तो बना साथ ही झारखण्ड और छत्तीसगढ़ राज्य भी बने। यही नहीं, बाद में तेलंगाना राज्य के गठन का मार्ग भी प्रशस्त हुआ। अंग्रेजों ने शुरू की थी 1872 में जाति आधारित गणना दरअसल जातीय गणना कराने वाला मंडल आयोग अकेला नहीं था। भारत में सबसे पहले ब्रिटिशकाल में (1872 में) आयोजित जाति–आधारित जनगणना में, लगभग 1,800 जातियों की पहचान की गई और उन्हें चार व्यापक श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया, अर्थात् ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र। उसके बाद सन् 1931 में आयोजित दूसरी जाति–आधारित जनगणना में, 2,000 से अधिक जातियों की पहचान की गई और उन्हें व्यवसाय, भाषा और क्षेत्र जैसे विभिन्न मानदंडों के आधार पर कई उप–जातियों और समूहों में वर्गीकृत किया गया। 2011 में आयोजित नवीनतम जाति–आधारित जनगणना, अन्य जनसांख्यिकीय जानकारी के साथ जनसंख्या की जाति दर्ज की गई, लेकिन डेटा अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। भारत में 6 हजार से अधिक ओबीसी और अ.सू.जातियां भारत में, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का वर्गीकरण राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) द्वारा निर्धारित किया जाता है, जिसे राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग अधिनियम, 1993 के तहत स्थापित किया गया था। एनसीबीसी ने सितंबर 2021 तक कुल 5,013 जातियों और समुदायों को ओबीसी के रूप में वर्गीकृत किया है। यह वर्गीकरण सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक पिछड़ेपन जैसे विभिन्न मानदंडों पर आधारित है, और एनसीबीसी द्वारा समय–समय पर समीक्षा और संशोधन के अधीन है। भारत में, अनुसूचित जाति (एससी) का वर्गीकरण संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 द्वारा निर्धारित किया जाता है, जो उन जातियों और समुदायों को सूचीबद्ध करता है। सितंबर 2021 तक, 1,241 जातियां और समुदाय हैं जिन्हें भारत में अनुसूचित जातियों के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इन समुदायों को सामाजिक और शैक्षिक रूप से वंचित माना गया है। इसी तरह सितंबर 2021 तक, 705 जनजातियां या आदिवासी समुदाय हैं जिन्हें भारत में अनुसूचित जनजातियों के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इन समुदायों को सामाजिक और शैक्षिक रूप से वंचित माना जाता है और वे शिक्षा, रोजगार और राजनीतिक प्रतिनिधित्व में आरक्षण जैसे विभिन्न संवैधानिक सुरक्षा उपायों और लाभों के हकदार हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## दुर्लभ प्रजाति के 34 कछुए बरामद 15 जिंदा 19 मृत पाए गए : गिरफ्तार करने वाली टीम को एसएसपी ने 10000 नगद इनाम देने का की घोषणा

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : कैंट पुलिस ने 34 दुर्लभ प्रजाति के कछुओं को तस्करों के पास से बरामद किया जिनमें 19 कछुए मृत्य 15 जिंदा पाए गए हैं जिंदा कछुआ को रामगढ़ ताल में छोड़ दिया गया पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण बिश्नोई ने पुलिस लाइन वाइट हाउस सभागार में प्रेस वार्ता कर बताया कि कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत इंजरिंग कॉलेज चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अवधेश चंद्र मिश्रा रात्रि वाहन चेकिंग के दौरान स्कार्पियो वाहन को चेक करते समय स्कॉर्पियो गाड़ी से दुर्लभ प्रजाति के 34 कछुए बरामद किए गए हैं जो 10 बोरों में रखे गए थे प्रत्येक कछुए का वजन 10 से 15 किलो के आसपास रहा इन्हें रामगढ़ ताल से दुर्गेश साहनी पुत्र मदनलाल साहनी निवासी झुगिया थाना बखिरा संत कबीर नगर द्वारा ताल से कछुए को निकाला जाता था इन कछुओं को कैंपियरगंज में एक बंगाली को देकर पश्चिम बंगाल पहुंचाया जाता उससे पहले ही दुर्लभ कछुये के साथ वलिस्टर सिंह पुत्र प्रभुनाथ चौधरी निवासी जगमाझा थाना इकौना जनपद देवरिया सुग्रीव निषाद पुत्र मंटू निषाद निवासी मरवा की बारी थाना कैंट गोरखपुर बबलू निषाद पुत्र रामजी निषाद निवासी मरवा की बारी थाना कैंट गोरखपुर दुर्गेश साहनी पुत्र मदन लाल साहनी निवासी झुगिया थाना बखिरा संत कबीर नगर को गिरफ्तार कर लिया गया दुर्लभ कछुओं को कैंपियरगंज होते हुए पश्चिम बंगाल जरिए बांग्लादेश चाइना पहुंचाने का कार्य तस्करों द्वारा किया जाता प्रत्येक कछुओं को 40 से 50 हजार रुपए में बेचा जाता इंटरनेशनल मार्केट में यहां इन कछुआ को तस्करों द्वारा 4 से 500 रुपए प्रति किलो के हिसाब से बंगाली तस्कर द्वारा लिया जाता 34 दुर्लभ प्रजाति के कछुओं में 19 कछुओं की गर्मी की वजह से मृत्यु हो गई बचे 15 कछुओ को रामगढ़ ताल में छोड़ दिया गया मृत 19 कछुआ को चिड़ियाघर के डॉक्टरों का एक पैनल पोस्टमार्टम कर जांच करेगा कि किन वजहों से दुर्लभ प्रजाति के कछुओं की मृत्यु हुई है गिरफ्तार करने वाली पुलिस को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर ने 10,000 नगद इनाम देने की घोषणा की एसपी सिटी कृष्ण विश्नोई ने बताया कि दुर्लभ नस्ल के कछुओं की तस्करी को गोरखपुर के जरिये इन कछुओं को तस्करी कर कैंपियरगंज होते हुए पश्चिम बंगाल बांग्लादेश




व चाइना भेजा जा रहा था। चेकिंग के दौरान 34 कछुए बरामद किए इनमें 19 की मौत हो गई थी। 15 कछुओं को रामगढ़ताल में छोड़ा गया है। पकड़ गए तस्करों में दो कैंट क्षेत्र और एक देवरिय एक सन्त कबीर नगर का रहने वाला है। रात्रि चेकिंग के दौरान स्कार्पियों से कछुओं को तस्करी कर ले जाया जा रहा है। जिसे दस बोर में 34 दुर्लभ प्रजाति के इंडियन फ्लैग सेल कछुए बरामद किए गए हैं जिनमें 19 कछुए मृत पाए गए हैं 15 जीवित ,जीवित कछुए को रामगढ़ ताल में छोड़ दिया गया। रात करीब तीन बजे स्कॉर्पियों को रोका गया तो बैठे हुए युवकों के हाव भाव देख कर शक हुआ तो गाड़ी को किनारे कर चेक किया गया तो 34 दुर्लभ प्रजाति के कछुए पाए गए हैं जिनमें 19 कचोरी मृत्य 15 जीवित थे मृत कछुओं की डॉक्टरों की पैनल द्वारा पोस्टमार्टम कराया जा रहा रिपोर्ट आने के बाद पता चल पाएगा कि किन कारणों से कछुये की मृत्यु हुई है। एसडीओ हरेंद्र सिंह ने बताया कि यह कछुए इंडियन फ्लैग सेल्ड नाम की दुर्लभ प्रजाति के हैं। इस नस्ल के कछुओं की बड़े पैमाने पर विदेशों में तस्करी होती है। इसीलिए इन्हें शेड्यूल वन में रखा गया है। इनका शिकार प्रतिबंधित है। इन्हें लाल सूची में भी डाला गया है। ऐसे पशुओं तस्करी पर 3 से 7 साल तक सजा हो सकती है। 19 कछुए मृत मिले हैं, उनके पोस्टमार्टम के लिए चिड़ियाघर के निदेशक डॉ. राजामोहन व डॉक्टरों का पैनल पोस्टमार्टम करेगा ये कछुए पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया है कि कछुओं को रामगढ़ताल से पकड़ा हैं। इसके लिए रात में रामगढ़ताल में जाल डाला गया। कछुओं को कैंपियरगंज ले जा रहे थे।हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि इस प्रजाति के कछुए गंगा और उससे संबद्ध नदियों के तलहटी में पाए जाते हैं। माना जा रहा है कि इनका शिकार राप्ती में किया गया है तस्करो द्वारा दुर्लभ प्रजाति के कछुओं को कैम्पियरगंज बंगाली व्यक्ति के जरिए पश्चिम बंगाल होते हुए बांग्लादेश चाइना भेजने का कार्य करते है। गिरफ्तार करने वाली टीम को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर ने 10000 नगद इनाम देने की घोषणा की।

## जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र जोनल अधिकारी करेंगे जारी –नगर आयुक्त

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने नगर निगम द्वारा जारी होने वाले जन्म एवम मृत्यु प्रमाण पत्रों के सम्बंध में बैठक कर आवश्यक दिशा दिए। बैठक में अपर नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि अब तक नगर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा ही जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा था, किन्तु शासन के निर्देशानुसार नगर निगम गोरखपुर में अब से जोनल अधिकारियों द्वारा ही अपने अपने जोन का जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। जोनल अधिकारियों को सोमवार तक यूजर आई डी एवम पासवर्ड उपलब्ध करा दिया जाएगा, जिसके पश्चात वे अपने अपने जोन में जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर सकेंगे। बैठक में नगर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बताया गया कि 31 जनवरी 2020 से भारत सरकार के बते पोर्टल पर ही जन्म मृत्यु का पंजीकरण किया जाता है तथा इ डिस्ट्रिक्ट एवम जनसेवा केंद्रों के माध्यम से जन्म मृत्यु पंजीकरण पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। कोई भी व्यक्ति स्वयं भी बते पोर्टल पर लॉगिन करके जन्म एवम मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए आवेदन कर सकता है। नगर आयुक्त द्वारा अपर नगर आयुक्त को निर्देशित किया गया कि नगर निगम गोरखपुर की वेबसाइट पर भी बते पोर्टल का लिंक उपलब्ध करा दिया जाय, जहाँ पर आवेदक द्वारा अपना नाम, वार्ड नं, पिता का नाम व मोबाइलनंबर आदि भरने के बाद सीआरएस पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकेगा। नगर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बताया गया कि महानगर के किसी भी अस्पताल में जन्म या मृत्यु होने पर अस्पताल द्वारा ही सीआरएस पोर्टल पर जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन किया जाना है, किन्तु अभी गोरखपुर में ऐसा नही किया जा रहा है। नगर आयुक्त द्वारा समस्त जोनल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने अपने क्षेत्र के समस्त अस्पतालों के साथ बैठक कर के उन्हें इससे अवगत कराएं। नगर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बताया गया कि कई बार कुछ लोगो द्वारा फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवा लिया जा रहा है। नगर आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने हेतु एक एस0ओ0पी0 बना लिया जाय जिसमे आवश्यक डाक्यूमेंट्स की जांच हेतु एक चेकलिस्ट बना लें। चेकलिस्ट के सभी डॉक्यूमेंट होने के बाद ही जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया जाय। इसके साथ ही 20 वर्ष 30 वर्ष पुराने मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने से पहले तहसील से आख्या प्राप्त कर ले उसके बाद ही मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करे।बैठक में अपर नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्र, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 मुकेश रस्तोगी, सहायक नगर आयुक्त डॉ0 मणिभूषण तिवारी एवम अविनाश प्रताप सिंह, अधिशासी अभियंता एन0डी0 पांडेय, सहायक लेखाधिकारी श्री छोटेलाल यादव, जन्म मृत्यु लिपिक दीपक श्रीवास्तव एवम जन्म मृत्यु कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पृथ्वी दिवस पर 'पृथ्वी को बचाने का एसकेडी एकेडमी के बच्चों ने लिया संकल्प : साथ ही ईद के मौके पर मुबारकबाद देकर प्यार व भाईचारे का दिया संदेश

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। एस0 के0 डी0 एकेडमी की पांचों शाखाओं में ''अर्थ डे'' पर पृथ्वी को बचाने का बच्चों ने संकल्प लिया एवं इस दिन को बहुत ही उल्लासपूर्वक मनाया गया। सभी शाखाओं में इस अवसर पर बच्चों एवं उनकें अभिभावकों ने पेड़–पौधे लगाये एवं पृथ्वी को हरा भरा रखने का संकल्प लिया। बच्चों ने पेन्टिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया एवं कोलॉज बनायें। उन्होने कविता, गीत एवं भाषण द्वारा पृथ्वी को बचाने का संदेश दिया। आज विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें छात्रों के मध्य पर्यावरण संरक्षण तथा जलवायु परिवर्तन के प्रति चेतना एवं जागरूकता विकसित करने हेतु एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। छोटे बच्चों ने कलरिंग एवं पेन्टिंग प्रतियोगिता में भाग लिया प्राइमरी के बच्चों ने स्लोगन एवं कोलॉज प्रतियोगिता में भाग लिया छठी से आठवीं कक्षा में बच्चों ने पौधारोपण किया पेपर वैग्स बनाये। पालिथीन को न इस्तेमाल कर इस पर जागरूकता अभियान किया एवं भाषण व क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। ईद के त्यौहार के अवसर पर बच्चों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी व प्रेम और




भाईचारे से त्यौहार मनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर संस्था के निदेशक मनीष सिंह ने प्रत्येक विद्यार्थी को एक–एक पौधा लगाने एवं जीवन भर उससे मित्रता करने का संदेश दिया और उन्होने विद्यार्थियों को बिजली, ईंधन, पानी की बचत एवं उसके महत्व से अवगत कराया। अधिक से अधिक सौर ऊर्जा का प्रयोग करने को कहा,पृथ्वी को बचाने के लिये हमें प्रतिदिन पृथ्वी दिवस व पर्यावरण दिवस मनाने का संदेश दिया। साथ ही सभी को ईद की मुबारकबाद भी दी।

## रूठों को मनाने के लिये गठित कमेटी ने भाजपा नेता मालश्री मिश्रा का नामांकन कराया वापस

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : नामांकन वापसी के बाद चुनावी हलचल तेज होने लगी है। नगर पालिका परिषद शाहाबाद अध्यक्ष पद के लिए दाखिल किये गए कुल 13 लोगों में से 5 लोगों ने अपना नामांकन वापस ले लिया है।चुनावी अखाड़े में अब निर्दलीयों सहित कुल 8 लोग मैदान में ताल ठोक रहे हैं। वैसे तो मुख्य मुकाबला अब भाजपा ओर सपा के बीच सिमटता जा रहा है।बतातें चलें कि भाजपा से टिकट मांगने वालों कई लोगों ने पर्चा दाखिल किया था।जिसमें से राजेन्द्र प्रसाद मिश्र की पत्नी माल श्री सहित 5 लोगो ने पर्चे वापस ले लिये।नाम वापसी के अंतिम दिन रूठों को मनाने के लिए गठित टीम की उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी पीके वर्मा सहित जिलाध्यक्ष सौरभ मिश्र सहित अन्य नेताओं ने राजेन्द्र मिश्र के घर जाकर उनका नामांकन वापस करा दिया।इसके अलावा निर्दलीय मधु मिश्रा,आशिफ खां बब्बू सहित 5 लोगों ने अपने पर्चे वापस ले लिये हैं। आगामी 4 मई को होने वाले निकाय चुनाव के लिए रणनीति बनाने में जुटे भाजपा प्रत्याशी संजय मिश्रा उर्फ बबलू ने कहा कि



उनके पिता स्वर्गीय डॉक्टर रामनाथ मिश्र का पूरा जीवन लोगों की सेवा में गुजरा है।उनके बाबा स्वर्गीय डॉक्टर प्यारेलाल मिश्र ने जनसंघ के विधायक रहते कई ऐतिहासिक कार्य किये है।क्योंकि लोगों को उनके पूर्वजों जैसी उनसे उम्मीद है।उन्हें लगता है कि कहीं न कहीं उनके परिवार से लोगों को बड़ी उम्मीदें हैं।पहली बार चुनाव लड़ने के सबाल पर उन्होंने कहा कि उन्हें हर वर्ग का समर्थन मिल रहा है।लोग उनके पूर्वजों के कार्यों को लेकर उन्हें समर्थन कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में व्यक्तित्त्व,व्यवहार और व्यक्तिगत रूप से लोगों का भी समर्थन हासिल है।

## राष्ट्रीय लोकदल समय समय पर किसानों के हक लिए आवाज उठाया है और आगे भी उठाता रहेगा –रोहित अग्रवाल

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल के नेतृत्व में पूर्व में ज्ञापन के माध्यम से उत्तर प्रदेश में मंडी शुल्क समाप्त करने और अन्य किसानों की समस्याओं को लेकर मांग की गयी थी जिसका अनुस्मारक भी 7 जनवरी 2023 को माननीय राज्यपाल जी को भेजा गया था। जिस पर आज अन्तिम मुहर लगाते हुये आधिकारिक रूप से स्वीकार करते हुये नोटिफिकेशन जारी किया गया है। श्री अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश में किसानों द्वारा मक्का, बाजरा, चावल आदि मुर्गी दाने के अवयव बिहार, मध्य प्रदेश और राजस्थान से मंगाए जाते हैं। अभी तक किसानों को फार्म के लिए अनाज मंगाने में परेशानी होती रही है। प्रदेश के अंदर जो भी खाद्यान्न मंगाया जाता है। उस पर मंडी शुल्क वसूला जाता रहा है लेकिन जहां मंडी शुल्क नहीं है वहां से खाद्यान्न आने पर दंडात्मक शुल्क वसूला जाता रहा है। उन्होंने आगे कहा कि मा0 राज्यपाल महोदय को ज्ञापन देने के पश्चात सरकार द्वारा प्रदेश के उद्योगों एवं किसानों के हित में उद्योगों द्वारा खरीदे जाने वाले कृषि उत्पाद पर मंडी शुल्क समाप्त करने की घोषणा की गयी थी और उत्तर प्रदेश कैबिनेट की बैठक में मंडी शुल्क को समाप्त करने का निर्णय ले लिया गया था, परंतु उसका सरकार द्वारा नोटिफिकेशन अभी तक नहीं प्राप्त हुआ था। राज्यपाल श्रीमती



आनंदी बेन पटेल के द्वारा स्वीकृति प्रदान करते हुए आधिकारिक रूप से मंडी शुल्क को समाप्त करने की अधिसूचना जारी कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां प्रतिस्पर्धा में टिक सकेंगी वहीं प्रदेश के किसानों को भी अपनी उपज के उचित मूल्य प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल समय समय पर किसानों के हक लिए आवाज उठाता रहा है और आगे भी उठाता रहेगा। आज जारी नोटिफिकेशन से निश्चित रूप से लाभ होगा क्योंकि दो दो बार मंडी शुल्क नहीं देना होगा।

## मोटे अनाज पर बनी लघु फिल्म देखेंगे एकेटीयू के छात्र

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। भारत सरकार के प्रयास से संयुक्त राष्ट महासभा ने सर्वसम्मति से साल 2023 को मोटा अनाज वर्ष घोषित किया है। वहीं, सरकार इस साल विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये मोटे अनाज के प्रति लोगों को जागरूक कर रही है। खाने में मिलेट्स को शामिल करने पर जोर दिया जा रहा है। मिलेट्स न केवल स्वादिष्ट होते हैं बल्कि सेहत से भी भरपूर हैं। इनके खाने से तमाम बीमारियों से भी छुटकारा मिल जाता है। ऐसे में देश भर में मिलेट्स को लेकर खास तरह की मुहिम छेड़ी गयी है। जिससे कि लोग इसे अपने जीवन का हिस्सा बना सकें। इसी मुहिम को आगे बढ़ते हुए राष्टीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान भोपाल ने मोटे अनाज पर आधारित एक आठ मिनट की लघु फिल्म बनाया है। इस फिल्म में मोटे अनाज के फायदे के बारे में जागरूक किया गया है। अब इस फिल्म को डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय अपने छात्रों को भी दिखाएगा। इसके लिए विश्वविद्यालय से जुड़े सभी संस्थानों के निदेशकों और प्राचार्यों को पत्र लिखकर छात्रों सहित शिक्षकों और कर्मचारियों को फिल्म दिखाने को कहा गया है। आठ मिनट की फिल्म माननीय कुलपति प्रो0 आलोक कुमार राय के निर्देश पर कुलसचिव श्री जीपी सिंह ने पत्र जारी कर संबद्ध संस्थानों के निदेशकों और प्राचार्यों को इस आठ मिनट की फिल्म दिखाने का निर्देश दिया है। इस लघु फिल्म में मोटे अनाज के फायदे का रोचक अंदाज में प्रदर्शन किया गया है। साथ ही फिल्म में देश के विशेषज्ञों ने अपने व्याख्यान दिये हैं। इस फिल्म के जरिये छात्रों को मोटे अनाज की अहमियत और उसके फायदे के बारे में बताया जाएगा। वहीं, विश्वविद्यालय ने अपने कार्यक्रमों के दौरान खाने में मोटे अनाज को शामिल किया है। हाल ही में हुए एक कार्यक्रम के दौरान मोटे अनाज से बनी खिचड़ी लोगों ने खूब पसंद की थी। ये है मोटा अनाज आमतौर पर अब लोग गेहूं का प्रयोग कर रहे हैं। जबकि किसी जमाने में लोगों के खाने में मोटा अनाज ही शामिल था। मोटा अनाज में ज्वार, बाजरा, रागी, सावां, कंगनी, चीना, कोदो, कुटकी आदि शामिल हैं। इन अनाजों में मिनरल, विटामिन, फाइबर के साथ ही मैक्रो और माइक्रो जैसे पोषक तत्व पाये जाते हैं। जो कि स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद हैं।

## हर्षोल्लास व भाईचारे के बीच मनाया गया ईद उल फितर का त्यौहार : माह ए पाक रमजान के बाद दिखा चांद

रिपोर्ट जनार्दन श्रीवास्तव पाली (हरदोई) : माह ए पाक रमजान के बाद शुक्रवार को ईद उल फितर के मौके पर नगर की प्रमुख मस्जिदें अकीदतमंदो से गुलजार रही। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सामूहिक नमाज अदा कर अल्लाह से अमन चौन की दुआ मांगी।ईद उल फितर के मौके पर शुक्रवार को पाली नगर की जामा मस्जिद, कादरी मस्जिद, रिसालदार मस्जिद, बाबरी मस्जिद, ठेकी वाली मस्जिद, समेत नगर की प्रमुख मस्जिदों मे भारी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पहुंचकर नमाज अदा कर अमन चौन की दुआ की। कहते हैं माह ए पाक रमजान के बाद जब चांद दिखता है ईद की तस्दीक होती है जिसे ईद उल फितर के नाम से जानते हैं। इस दिन अकीदतमंद अल्लाह से अमन चैन और आपसी भाईचारे को कायम रखने की दुआ करते हैं।



इस मौके पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये।

